भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद् विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा(भारत)/ Karnal, Haryana(India)-132 001

दिनांक, 24.9.2021

परिपत्र

फिट इण्डिया फ्रीडम दौड़ 2.0– आजादी का अमृत महोत्सव

समूचा देश आजादी के 75 वर्षों को ''आजादी का अमृत महोत्सव'' थीम(प्रसंग) के साथ मना रहा है। इस थीम को स्मरणीय बनाने के लिए, भाकृअनुप–राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल एक 'फिट इण्डिया फ्रीडम दौड़ 2.0 – आजादी का अमृत महोत्सव' का आयोजन कर रहा है। आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल एवं सरकार के द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत यह फ्रीडम दौड़ आयोजित की जाएगी। वैश्विक महामारी कोविड–19 के मद्देनजर इस दौड़ के दौरान शारीरिक दूरी की पालना के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उक्त दौड़ के दिनांक 01.10.2021 को आयोजन संबंधी समय व स्थान नीचे दिए गए हैं। इस दौड़ का मूल उद्देश्य प्रतिभागियों की शारीरिक फिटनेस को सुधारना है।

आयोजन का विवरण

समय : 4.00 बजे सायंकाल
दिनांक : 01 अक्तूबर, 2021.
स्थान : क्रीड़ा मैदान(स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स), राडेअनुसं, करनाल

कार्यक्रम

4.00 बजे सायंकाल	मुख्य अतिथि का आगमन
4.05 बजे सायंकाल	फ्लेग ऑफ एवं दौड़ की शुरूआत
4.30 बजे सायंकाल	दौड़ का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समापन
4.35 बजे सायंकाल	जलपान का वितरण

राडेअनुसं, करनाल के सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ के सदस्यों से यह अनुरोध है कि वे इस आयोजन में शामिल हों तथा 'फिट इण्डिया फ्रीडम दौड़ 2.0–आजादी का अमृत महोत्सव' में प्रतिभागिता भी करें।

संयुक्त निदेशक(प्रशासन) एवं कुलसचिव

वितरण :–

1. निदेशक को उनके निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
2. संयुक्त निदेशक(शैक्षणिक) को उनके निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
3. संयुक्त निदेशक(अनुसंधान) को उनके निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
4. संयुक्त निदेशक(प्रशासन) को उनके निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
5. वित्त नियंत्रक, राडेअनुसं, करनाल।
6. सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारियों को उनके स्टाफ व विद्यार्थियों में सर्कुलेशन के अनुरोध सहित।
7. शैक्षणिक समन्वयक को कृपया सूचनार्थ।
8. मुख्य छात्रावास संरक्षक को विद्यार्थियों में अधिकाधिक/व्यापक सर्कुलेशन के अनुरोध सहित।
9. प्रभारी सुरक्षा अनुभाग को समुचित सुरक्षा व्यवस्थाओं के अनुरोध सहित।
10. प्रभारी संचार केन्द्र को उक्त आयोजन के कवरेज हेतु ऑडियो–विजुअल व्यवस्था के अनुरोध सहित।
11. प्रभारी मानव स्वास्थ्य परिसर को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के अनुरोध सहित।
12. प्रभारी, संपदा अनुभाग को स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स व उसके आसपास के समुचित रखरखाव के अनुरोध सहित।
13. प्रभारी, कंप्यूटर केन्द्र को इस सर्कुलर को संस्थान वेबसाइट पर अपलोडिंग के अनुरोध सहित।